बेरोज़गारों को मुफ्त दवाई

चौंकिए मत। बात यूएसए यानी अमरीका की है। खबर है कि एक दवा कंपनी फाइज़र ने घोषणा की है कि वह अपनी 70 दवाइयां ऐसे अमरीकी नागरिकों को मुफ्त उपलब्ध कराएगी जिनकी नौकरी चली गई है।

कोई भी व्यक्ति इस मुफ्त योजना के लिए आवेदन कर सकता है बशर्ते कि वह यह दवा पिछले तीन महीने से लेता रहा हो और इस वर्ष 1 जनवरी के बाद बेरोज़गार हो गया हो। फाइज़र के एक अधिकारी का कहना है कि हाल में कई लोगों की नौकरियां गई हैं और इसके साथ ही उनका स्वास्थ्य बीमा भी समाप्त हो गया है। लिहाज़ा वे अपने स्वास्थ्य की देखभाल का खर्च उठाने में असमर्थ हो गए हैं।

मगर स्वतंत्र विश्लेषकों का मत है कि यह मानना भूल होगी कि फाइज़र कंपनी अचानक इस वास्तविकता से पसीजकर परोपकारी हो गई है। ऐसा लगता है कि फाइज़र को चिंता है कि जो मरीज़ उसकी दवाइयों का सेवन करते रहे हैं, आमदनी कम होने पर खर्च में कटौती करने के लिए वे संभवतः सस्ते विकल्पों का रुख करेंगे। उपरोक्त दवा सूची में ऐसी कई दवाइयां हैं जिन्हें इस तरह के सस्ते विकल्पों से प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। जैसे फाइज़र की एक दर्द निवारक दवा सेलेब्रेक्स के कई विकल्प बाज़ार में हैं। इसी प्रकार से एक अन्य दवा का विकल्प भी बाज़ार में उतारे जाने की संभावना है।

विश्लेषकों का मानना है कि मुफ्त में दवा उपलब्ध करवाकर वह अपने इन ग्राहक मरीज़ों को इन विकल्पों की ओर जाने से रोक सकेगी। दूसरे शब्दों में मरीज़ों की निष्ठा खरीदने का एक तरीका है यह योजना। एक कारण यह भी हो सकता है कि कंपनी अपनी दवाइयों को एक्सपायर होने से पहले उनका स्टॉक खत्म करने की भी इच्छुक है। इस योजना से एक्सपायर होने से पहले दवाइयां बांटकर वह वाहवाही भी लूट लेगी। ***(स्रोत फीचर्स)***